


**बार्सिलोना के लिए सबसे अधिक गोल दागने वाले खिलाड़ी हैं मेसी**

मेसी 672 गोल के साथ बार्सीलोना के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने क्लब के साथ 778 मैच खेले, जो एक रिकॉर्ड है। वह 520 मैचों में 474 गोल के साथ स्पेनिश लीग में भी शीर्ष स्कोरर भी हैं।

## बार्सिलोना का साथ छोड़ मेसी ने पीएसजी का दामन थामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। अपने करियर के शुरू से लेकर अब तक बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाले लियोनेल मेसी अपने नए क्लब पेरिस सेंट जर्मन से जुड़ गए हैं। मेसी को अपने दोस्त और स्टार स्ट्राइकर नेमार से कम वेतन मिलेगा। अर्जेंटीना के 34 वर्षीय फारवर्ड मेसी ने मंगलवार को पीएसजी के साथ दो साल का करार किया। इसमें तीसरे साल का विकल्प भी रखा गया है। पीएसजी शनिवार को स्ट्रासबोर्ग के खिलाफ मैच से पहले पार्क डेस प्रिंसेस स्टेडियम में 50 हजार दर्शकों के सामने मेसी का परिचय कराएगा। मेसी ने रविवार को बार्सिलोना से अश्रुपूर्ण विदाई ली थी। उनका कुल वेतन 35 मिलियन यूरो (लगभग तीन अरब रुपये) होगा जो नेमार (37 मिलियन यूरो यानि लगभग तीन अरब 22 करोड़ रुपये) से कम है। मेसी के आने से पीएसजी के पास अब दुनिया का सबसे मजबूत आक्रमण हो गया है। उसके आक्रमण में अब मेसी, नेमार, अर्जेटीना के एंजेल डि मारिया और फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर काइलन एमबापे शामिल हैं।

# लॉर्ड्स टेस्ट में शार्दुल की जगह आर अश्विन को मिल सकता है मौका

**क्रिकेट**

### 5 मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच आज से खेला जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। पहले टेस्ट मैच में बड़ा स्कोर बनाने में असफल रही भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में अपनी ख्याति के अनुरूप बल्लेबाजी करने के दृढ़ संकल्प के साथ मैदान पर उतरेगी।

कप्तान विराट कोहली इस मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी अंतिम एकादश में शामिल करने पर गंभीर विचार कर सकते हैं। भारत बारिश के कारण ड्रॉ छूटे पहले टेस्ट मैच में जीत की अच्छी स्थिति में था लेकिन उसका पहली पारी का 278 रन का स्कोर अपेक्षानुरूप नहीं था। भारत के तीन प्रमुख बल्लेबाज कप्तान कोहली, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे इस पारी में नाकाम रहे थे।

यह नहीं भूलना चाहिए कि रहाणे के मेलबर्न में लगाए गए शतक को छोड़ दिया जाए तो ये तीनों पिछले दो वर्षों से बड़ी पारियां नहीं खेल पाए हैं। कोहली और पुजारा इस बीच अपनी अच्छी शुरुआत को शतक में नहीं बदल पाए हैं।




**शार्दुल की मांसपेशियों में खिंचावः** जहां तक टीम संयोजन का सवाल है शार्दुल ठाकुर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण निचले क्रम के बल्लेबाजी क्रम में फिर से बदलाव किया जा सकता है। मुंबई का यह तेज गेंदबाज पहले टेस्ट की एकमात्र पारी में खाता भी नहीं खोल पाया था। रविंद्र जडेजा के बल्लेबाजी कौशल को देखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन ने अश्विन को पहले टेस्ट मैच की अंतिम एकादश में नहीं रखा था। लॉर्ड्स में अभ्यास के दौरान ठाकुर की परेशानी बढ़ गई है और ऐसे में अश्विन को अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना बढ़ गई है। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ठाकुर को पहले टेस्ट के दौरान चोट लगी थी या नहीं।

यदि ठाकुर नहीं खेल पाते हैं तो कोहली अपने 4–1 के गेंदबाजी संयोजन पर फिर से विचार कर सकते हैं क्योंकि निचले क्रम की बल्लेबाजी की कमजोरी को देखते हुए किसी एक रणनीति पर अडिग रहना संभव नहीं है। कोहली यदि चार तेज गेंदबाजों के साथ ही उतरना चाहेंगे तो फिर ठाकुर की जगह पर इशांत शर्मा या उमेश यादव में से किसी एक को लिया जाएगा लेकिन यह फैसला आसान नहीं होगा।

कोहली ने पहले टेस्ट के बाद कहा था, पूरी संभावना है कि हम इसके (4–1 के संयोजन) साथ ही आगे बढ़ेंगे लेकिन हम हमेशा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर टीम का चयन करते हैं। लेकिन यदि कप्तान अपनी बल्लेबाजी को मजबूत देखना चाहते हैं तो फिर अश्विन को अंतिम एकादश में रखना सही फैसला होगा जो गेंदबाज के रूप में चौथे या पांचवें दिन लॉर्ड्स की पिच पर खतरनाक साबित हो सकते हैं।

# भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों पर धीमी ओवर गति के लिये जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नॉटिंघम में पहले टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के लिये भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों पर मैच शुल्क का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाने के अलावा उनके आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दो–दो अंक भी काट दिये हैं। इन दोनों टीमों ने नियत समय में दो–दो ओवर कम किये थे जिसके बाद आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने उन पर यह जुर्माना लगाया।

खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार तय समय में एक ओवर कम करने पर खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।



इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिये तय किये गये नियमों के अनुसार नियत समय में एक ओवर कम करने पर टीम पर एक अंक का जुर्माना लगाया जाएगा।

आईसीसी के बयान के अनुसार भारतीय कप्तान विराट कोहली और इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने अपनी गलती स्वीकार की है और उन्होंने जुर्माना स्वीकार कर लिया है, इसलिए इस मामले में आगे कोई सुनवाई नहीं होगी। मैदानी अंपायर माइकल गॉ और रिचर्ड केटेलबोरोग, तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर डेविड मिलन्स ने ये आरोप लगाये थे। बारिश से प्रभावित पहला टेस्ट मैच ड्रा समाप्त हुआ था।

## टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया से अलग हो सकते हैं रवि शास्त्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच रवि शास्त्री, बोलिंग कोच भरत अरुण, फील्डिंग कोच आर श्रीधर और बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ आगामी टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया से अलग हो सकते हैं। टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन इस साल अक्टूबर–नवंबर में यूएई में होना है। शास्त्री ने बोर्ड के कुछ सदस्यों को यह बता दिया है कि वह वर्ल्ड कप के बाद नेशनल टीम से दूर हो सकते हैं। शास्त्री और टीम इंडिया के उपरोक्त टीम स्टाफ के सदस्यों का कार्यकाल वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा। टीम इंडिया के अन्य स्टाफ आईपीएल फ्रेंचाइजी से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भी टीम इंडिया में नए सपोर्ट स्टाफ का गठन चाहता है। रवि शास्त्री पहली बार टीम इंडिया के साथ बतौर डायरेक्टर साल 2014 में जुड़े थे। उनका कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2016 तक था। इसके बाद अनिल कुंबले को एक साल के लिए कोच बनाया गया। शास्त्री के कार्यकाल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीती।

## न्यूज डायरी



### लोगों को पसंद नहीं आया ओपनर शुभमन गिल का नया हेयर स्टाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर शुभमन गिल इस समय अपने नए हेयर लुक को लेकर चर्चा में हैं। पैर में चोट के कारण गिल पिछले महीने इंग्लैंड से स्वदेश लौट आए थे। गिल ने स्वदेश लौटने पर अपने बालों को छोटा कराने के साथ साथ कलर भी कराया हुआ है। उन्होंने सोश मीडिया के अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक वीडियो अपलोड की है। गिल का ये वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। फैंस वीडियो पर अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। किसी को गिल का ये लुक पसंद आ रहा है तो कोई उन्हें सलाह देता हुआ नजर आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, ए तू पंड्या के साथ मत रहा कर यार। दूसरे यूजर ने लिखा, पहले वाले बढ़िया थे। एक अन्य यूजर ने गिल को गेम पर ध्यान देने की सलाह दे डाली। पंड्या अपने फैशन के लिए भी जाने जाते हैं। चोट के कारण इंग्लैंड दौरे से बाहर होने वाले गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद टीम के जैव सुरक्षित वातावरण से बाहर निकल गए थे लेकिन इसके बाद ब्रिटेन में ही छुट्टियां मना रहे थे।

### कीवी खिलाड़ियों के आईपीएल में खेलने से तिलमिलाए इंजमाम उल हक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आगामी टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ लिमिटेड ओवर्स की सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज एक सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में पाकिस्तान की मेन स्ट्रीम टीम खेलेगी वहीं कीवी टीम के 7 मुख्य खिलाड़ी इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। ये सभी वर्ल्ड कप स्क्वॉड में भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने 7 मेन खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने के लिए रिलीज कर दिया है जिसमें नियमित कप्तान केन विलियमसन भी शामिल हैं। आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ का आयोजन अगले महीने यूएई में होगा। कीवी टीम के खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने को लेकर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने चिंता जाहिर की है।

### बोलिंग कोच ने दूसरे टेस्ट के लिए ऋषभ पंत को कुछ यूं किया तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राफेल नडाल की यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम तैयारियों को झटका

टोरंटो। दुनिया के पूर्व नंबर एक स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल बाएं पांव की चोट के कारण नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं जिससे उनकी यूएस ओपन की तैयारियों को झटका लगा है। 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल के स्थान पर फेलिसियानो लोपेज को इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के ड्रा में शामिल किया गया है। लोपेज क्वालीफाईंग में हार गए थे। कनाडा के इस टूर्नामेंट में पांच बार के चैंपियन नडाल ने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मैं टेनिस खेलने का पूरा आनंद लूं। आज इस दर्द के साथ मैं उसका आनंद नहीं उठा सकता। स्पेन का यह 35 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह वाशिंगटन में हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में खेला था। उन्होंने पहले मैच में जैक सॉक को हराया लेकिन दूसरे मैच में लॉयड हैरिस से हार गए थे।

### शाकिब अल हसन को आईसीसी ने एक दिन में दीं दो खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आइसीसी ने एक ही दिन में बांग्लादेश टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को दो बड़ी खुशखबरी देने का काम किया है। क्रिकेट फिक्सरों की जानकारी न देने की वजह से बैन झेल चुके शाकिब अल हसन फिर से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। इसके अलावा इसी दिन उन्होंने आइसीसी का प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने का कमाल किया है। आइसीसी ने बुधवार की दोपहर को ताजा टी20 रैंकिंग जारी की। इस रैंकिंग में शाकिब अल हसन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं।